**Naidunia (Indore), 26th July 2025, Page – 05**

# प्रत्येक विद्यार्थी में विशेष क्षमताएं सिखाएंगे प्रतिभा को पहचानना

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः आइआइटी इंदौर में शुक्रवार को नए अंडरग्रेजुएट छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। 2025-26 सत्र में 502 छात्रों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया है। इस बार बैचलर आफ डिजाइन (बी डेस) नाम से एक नया कोर्स प्रारंभ किया है। 16 छात्रों ने पहली बैच में प्रवेश लिया है।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि मिलिट्री कालेज आफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई) के उप कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक मेजर जनरल गौतम महाजन ने छात्रों को जीवन में अनुशासन, सेवा और देशभक्ति की भावना अपनाने की प्रेरणा दी। निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि संस्थान में आने वाले हर छात्र में कुछ विशेष क्षमता है और हमारा उद्देश्य है कि अगले चार वर्षों में आप अपने भीतर की प्रतिभा को पहचानें और उसे विकसित करें।



संबोधित करते उप कमांडेंट मेजर जनरल गौतम महाजन। • सौजन्य

**'जेनेसिस' आज से:** संस्थान ने इस साल एक विस्तृत ओरिएंटेशन कार्यक्रम तैयार किया है जिसका नाम 'जेनेसिस' है। यह 26 जुलाई से शुरू होगा, जो आठ दिनों तक चलेगा। इसमें छात्रों को कैंपस जीवन, विभिन्न सुविधाओं, क्लब्स, खेल, स्वास्थ्य, वित्तीय जानकारी, सुरक्षा, और आत्म-विकास से जुड़े अनेक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।